आवश्यक/समयबद्ध

पत्र संख्या–स0नि0–सामान्य बजट/आय–व्ययक/ 2022–23/ 414 **/राज्य कर**

प्रेषक,

आयुक्त
राज्य कर,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

सेवा में,

1– अपर आयुक्त राज्य कर,
नोयडा जोन नोयडा।

2– समस्त जोनल अपर आयुक्त
राज्य कर, उ0 प्र0।

3– अपर निदेशक,
राज्य कर अधिकारी प्रशिक्षण संस्थान,
उ0 प्र0, लखनऊ।

(सम्पत्ति अनुभाग) **लखनऊ :: दिनांक :: 14 अक्टूबर, 2022**

विषयः– आगामी वित्तीय वर्ष 2023–24 का आय–व्ययक अनुमान के प्रस्ताव उपलब्ध कराये जाने के संबंध में।

महोदय,

कृपया उ0 प्र0 शासन के निर्देशानुसार आगामी वित्तीय वर्ष 2023–24 का आय–व्ययक अनुमान तैयार कराकर शासन को शीघ्र प्रेषित किया जाना है। अतः अनुदान संख्या–89 के अन्तर्गत निम्न लेखा–शीर्षक/मदों के अन्तर्गत वांछित धनराशि का पूर्ण औचित्य सहित अनुमान तैयार कर उपलब्ध कराया जाना है :–

क0सं0	**लेखा–शीर्षक**	**मद संख्या**	**कार्य की प्रकृति**
1.	2040–बिक्री, व्यापार आदि पर कर–800–अन्य व्यय–03–वाणिज्य कर आयुक्त का अधिष्ठान	29–अनुरक्षण	विद्युत, मशीनरी, उपकरण मरम्मत आदि से संबंधित
2.	2059–लोक निर्माण कार्य–01–कार्यालय भवन–051–निर्माण–03–वाणिज्य कर विभाग के विभागीय भवन तथा सहायता केन्द्रों के विभागीय भवनों की मरम्मत एवं रख–रखाव कार्य	29–अनुरक्षण	विभागीय कार्यालय भवनों में मरम्मत कार्य हेतु
3.	2216–आवास–01–सरकारी रिहायशी भवन–700–अन्य आवास–03–वाणिज्य कर विभाग के आवासीय भवनों की विशेष मरम्मत एवं रख–रखाव कार्य	29–अनुरक्षण	विभागीय आवासीय भवनों में मरम्मत कार्य हेतु
4.	4059–लोक निर्माण कार्य पर पूंजीगत परिव्यय–01–कार्यालय भवन–051–निर्माण	24–वृहद निर्माण कार्य	विभागीय भूमि पर नये कार्यालय भवन के निर्माण हेतु
5.	4059–लोक निर्माण कार्य पर पूंजीगत परिव्यय–01–कार्यालय भवन–051– निर्माण–31–सहायता केन्द्र/विभागीय कार्यालय भवनों/आवासीय भवनों में लघु निर्माण कार्य	25–अनुरक्षण लघु निर्माण कार्य	विभागीय कार्यालय/आवासीय भवनों में छोटे(पेटी वर्क्स) लघु निर्माण कार्य
6.	4059–लोक निर्माण कार्य पर पूंजीगत परिव्यय–01–कार्यालय भवन–051–निर्माण	26–मशीन साज सज्जा/उपकरण एवं संयंत्र	मशीन साज सज्जा/उपकरण एवं संयंत्र स्थापित/क्रय किये जाने हतु
7.	4070–अन्य प्रशासनिक सेवाओं पर पूंजीगत परिव्यय–800–अन्य व्यय–03–वाणिज्य कर आयुक्त का अधिष्ठान	14–मोटर गाड़ियों का क्रय	वाणिज्य कर विभाग के राजकीय कार्य के सम्पादन हेतु नये मोटर गाड़ियों के क्रय किये जाने हेतु

D.C.(IT) 14/10/022

———————**शेष पेज–2 पर**

D:\office work.docx

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि अपने **अधीनस्थ कार्यालयों से सम्बन्धित अनुदान संख्या–89 के अन्तर्गत उपरोक्त लेखा शीर्षक/मदों में वांछित धनराशि (रू0 लाख में) का पूर्ण औचित्य सहित अनुमान/ कराये जाने वाले कार्यों का विवरण (प्रस्ताव) जोनवार तैयार कराकर दिनांक 17.10.2022 तक विशेष पत्रवाहक/ई–मेल <u>ctconshqlu-up@nic.in</u> के माध्यम** से प्रत्येक दशा में मुख्यालय उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

भवदीय,

(ओम प्रकाश वर्मा)
अपर आयुक्त राज्य कर,
प्रभार– अपर आयुक्त (प्रशासन) राज्य कर
उ0 प्र0, लखनऊ।

<u>पृ0प0सं0 व दिनांक उक्त।</u>

1. संयुक्त आयुक्त (स्था0अराज0/प्रभारी–नजारत) राज्य कर मुख्यालय, लखनऊ को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि वाहन पटल, आवास नाजिर मुख्यालय को समयान्तगर्गत प्रस्ताव उपलब्ध कराये जाने हेतु निर्देशित कर दें।
2. संयुक्त आयुक्त (आई0टी0) राज्य कर मुख्यालय, लखनऊ को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड किये जाने हेतु प्रेषित।

अपर आयुक्त राज्य कर,
प्रभार– अपर आयुक्त (प्रशासन) राज्य कर
उ0 प्र0, लखनऊ।